प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 29.03.2026 समय : 01:00 पी.एम.

000000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम एशिया संकट के बीच देशवासियों को एकजुट रहने और अफवाहों से बचने की सलाह दी है। वे आज आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले मासिक रेडियो कार्यक्रम **मन की बात** के 132वें एपिसोड में बोल रहे थे। प्रधानमंत्री ने लोगों से अपील की कि वे सरकार की ओर से दी जा रही आधिकारिक जानकारी पर ही भरोसा करें। दुनिया के मौजूदा हालात पर चिंता जताते हुए श्री मोदी ने कहा पेट्रोल और डीज़ल का संकट बढ़ रहा है। उससे मिलकर निपटना है। प्रधानमंत्री ने खाड़ी देशों में रह रहे 1 करोड़ से अधिक भारतीयों को हर तरह से सहायता देने के लिए खाड़ी देशों को धन्यवाद दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में **माई भारत संगठन** महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है और युवाओं को सकारात्मक कार्यों से जोड़ रहा है। **ज्ञान भारतम् सर्वेक्षण** की चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री ने राजस्थान के अभय जैन सहित अन्य राज्यों के लोगों का जिक्र किया जिन्होंने पांडुलिपियों के जरिये देश की धरोहर को संरक्षित करने में भूमिका निभाई है।

......

प्रधानमंत्री ने खेलो का जिक्र करते हुए युवाओं को प्रोत्साहित किया और सभी से फिटनेस पर ध्यान देने का आग्रह किया। **जल संचयन अभियान** की बात करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि ये अभियान जन भागीदारी से व्यापक हुआ है। सोलर पेनल्स और पीएम सूर्यघर बिजली योजना की बात करते हुए श्री मोदी ने जयपुर के मुरलीधर का उल्लेख किया और सोलर पम्प अपनाकर खेती करने पर उनकी सराहना की।

......

रेडियो को एक सकारात्मक प्लेटफॉर्म बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि ये लोगों को प्रेरित करता है और नया हौसला देता है।

......

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जमवारामगढ के पीएम श्री विद्यालय में आमलोगों के साथ मन की बात कार्यक्रम सुना।

0000

मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा है कि तन और मन से स्वस्थ रहना सुखी जीवन का मूल आधार है। हमारा देश युवाओं का देश है और जब युवा बढ़ेगा तभी समाज और राष्ट्र आगे बढ़ेगा। ऐसे में युवा अपने जीवन को सही दिशा में आगे बढ़ाएं और अपने उद्देश्यों की पूर्ति करते हुए देश–प्रदेश के विकास में योगदान दें। श्री शर्मा आज जयपुर के अजमेर रोड स्थित महिन्द्रा वर्ल्ड सिटी में आयोजित हाफ मैराथन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री आज जयपुर में नवनियुक्त लोकसेवकों से संवाद भी करेंगे। बिरला सभागार में होने वाले इस कार्यक्रम में **राजस्थान राज्य अधीनस्थ सेवायें संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा 2023** में चयनित लोकसेवक बातचीत करेंगे।

0000

अजमेर के हाथीखेडा क्षेत्र में बालिका सैनिक स्कूल बनेगा। ये स्कूल 30 एकड क्षेत्र में 20 करोड़ रूपये की लागत से बनाया जायेगा। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कल अजमेर में शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक में सैनिक स्कूल की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि जल्द ही इसके लिए वर्कऑर्डर जारी किया जायेगा।

0000

प्रदेश में नये वित्तीय वर्ष की शुरूआत के साथ ही 1 अप्रैल से स्कूलों, आंगनबाडी और अस्पतालों का समय बदल जायेगा। ये समय 30 सितम्बर तक रहेगा। शिविरा पंचाग के अनुसार एक पारी में चलने वाले स्कूल सुबह साढे सात बजे से दोपहर एक बजे तक और दो पारी में चलने वाले स्कूलों का समय सुबह सात बजे से शाम 6 बजे तक रहेगा। वहीं आंगनबाडी केन्द्र सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक खुले रहेंगे। सरकारी अस्पतालों में ओपीडी का समय सुबह 8 बजे से 2 बजे तक रहेगा। राजकीय अवकाश के दिन ओपीडी सुबह 9 बजे से 11 बजे तक रहेगी।

00000